तेजयुग न्यूज़ खेल
www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचा भारत

लगातार तीसरी बार फाइनल खेलने की उम्मीद बढ़ी; ऑस्ट्रेलिया से हो सकता है सामना

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बार फिर आईसीसी टूर्नामेंट का फाइनल देखने को मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हार के बाद न्यूजीलैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर आ गया। इससे टीम इंडिया पहले नंबर पर आ गई। ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। भारत को अब घर में 2 सीरीज खेलनी है, जहां टीम पिछले 12 साल से कोई सीरीज नहीं हारी। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड में 31 साल हार नहीं मिली। कंगारुओं को इसके बाद भारत और श्रीलंका से खेलना है, एक भी सीरीज जीतने पर टीम फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। अगर इसी तरह आगे के मैच भी चले तो ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच ही डब्ल्यूटीसी का फाइनल होगा। मुकाबला जून 2025 में होना है।

सारे सिनैरियो जानने से पहले पॉइंट्स टेबल को समझते हैं...

न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा हुआ

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच न्यूजीलैंड में 2 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। वेलिंगटन में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया, इसी के साथ न्यूजीलैंड पहले से खिसकर दूसरे नंबर पर पहुंच गई। टीम के 60.00% पॉइंट्स हो गए, भारत 64.58% पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 59.09% पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी मैच जीतकर नंबर-2 पर पहुंच सकती है।

65% से ज्यादा पॉइंट्स फाइनल के जरूरी

2021 में आईसीसी ने पहली बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल करवाया। तब 70.00% पॉइंट्स वाली न्यूजीलैंड और 72.2% पॉइंट्स वाली टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बनाई थी। 2023 में 66.67% पॉइंट्स वाली ऑस्ट्रेलिया और 58.80% पॉइंट्स वाली टीम इंडिया के बीच फाइनल हुआ था।

इस बार भी कोई 2 ही टीमें सारी सीरीज खत्म होने पर 65% से ज्यादा पॉइंट्स हासिल कर पाएंगी। अभी की सिचुएशन में भारत और ऑस्ट्रेलिया यहां तक पहुंचते नजर आ रहे हैं, इसलिए इन दोनों के बीच फाइनल होने के चांस भी ज्यादा हैं।

घर में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से खेलेगा भारत

टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा डब्ल्यूटीसी में पहली होम टेस्ट सीरीज खेल रही है। 5 टेस्ट की सीरीज में टीम 3-1 से आगे है। आखिरी मैच जीतकर टीम 68.52% पॉइंट्स के साथ टॉप पर अपनी पोजिशन मजबूत कर सकती है।

टीम इंडिया ने विदेश में वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 में से 2 टेस्ट जीते, जबकि एक ही मुकाबला गंवाया और एक मैच टीम ने ड्रॉ खेला। भारत को अब घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। घर में पिछली 17 सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया से ये 2 सीरीज भी जीतने की उम्मीद है।

अगर भारत घर में दोनों सीरीज जीता तो साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया से 5 टेस्ट की सीरीज हारकर भी टॉप पर रह सकता है। हालांकि भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा। टीम ने कंगारुओं को उन्हीं के घर में 2 बार और अपने घर में भी 2 बार हराया है।

गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी रॉबिन मिंज का बाइक एक्सीडेंट

दाहिने घुटने में चोट, मिनी ऑक्शन में 3.60 करोड़ में खरीदा था

झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज शनिवार को रांची में बाइक एक्सीडेंट में चोटिल हो गए। उनको दाहिने घुटने में हल्की चोट लगी है। रॉबिन को आईपीएल 2024 के लिए हुए मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइटंस ने 3.6 करोड़ में खरीदा था। वह आईपीएल के किसी टीम में सिलेक्ट होने वाले पहले आदिवासी खिलाड़ी हैं।

पिता ने एक्सीडेंट की पुष्टि की

रिपोर्ट के मुताबिक रॉबिन मिंज के पिता फ्रांसिस मिंज ने एक्सीडेंट की पुष्टि करते हुए बताया कि रॉबिन की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। रॉबिन को हल्की चोट आई है। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। मिंज रांची में सुपर बाइक से कहीं जा रहे थे, उसी दौरान उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। जिसके बाद रॉबिन नियंत्रण खो बैठे और गिर गए। रॉबिन के बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं रॉबिन को दाहिने घुटने में चोट लगी है।

घरेलू क्रिकेट में 13 सौ से ज्यादा रन बना चुके हैं मिंज

वे पिछले 2 साल से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मिंज अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं। वे रांची में सोनेट क्लब की ओर से खेलते हैं। वे पूर्व रणजी क्रिकेटर एसपी गौतम और आसिफ से क्रिकेट के गुर सीख रहे हैं।

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में हिस्सा लेंगे पीटरसन और बेल : 13 जुलाई से शुरू होगी लीग; इंग्लैंड में खेली जाएगी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन और इयान बेल वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 (डब्ल्यूसीएल) में इंग्लैंड चैंपियंस टीम का हिस्सा होंगे। यह घोषणा दुबई के ताज डाउनटाउन में एक सेरेमनी में हुई। इस सेरेमनी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान बेल और खेल जगत के कई नाम शामिल हुए।

इस इवेंट में मेटियोरा डेवलपर्स ने बॉलीवुड आइकन जैकलीन फर्नांडीज के साथ पार्टनरशिप में इंग्लैंड चैंपियंस क्रिकेट टीम के अधिग्रहण की आधिकारिक घोषणा की। इवेंट के दौरान टीम की जर्सी भी लॉन्च की गई। पूर्व क्रिकेटर इयान बेल ने कहा, डब्ल्यूसीएल में इंग्लैंड चैंपियंस का हिस्सा बनना एक शानदार अवसर है। लीग का इंग्लैंड में खेला जाना, इसे और रोमांचित बनाता है। मैं अपनी टीम की सफलता में योगदान देने और अपने फैंस को एंटरटेन करने के लिए उत्सुक हूं।

इंग्लैंड में खेली जाएगी लीग

लीग 3 जुलाई से 13 जुलाई 2024 तक इंग्लैंड के एजबेस्टन स्टेडियम में खेली जाएगी। इसके लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

छह टीमें हिस्सा लेंगी

डब्ल्यूसीएल 2024 में छह टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। लीग में इन छह देशों के रिटायर्ड और नॉन-कॉन्ट्रैक्टेड प्लेयर्स हिस्सा लेंगे।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल...दूसरा दिन

श्रेयस अय्यर पहली पारी में फेल, 8 बॉल पर 3 रन ही बना सके

टीम इंडिया से बाहर चल रहे मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच की पहली पारी में फेल रहे। टूर्नामेंट के इस सीजन का दूसरा सेमीफाइनल मैच मुंबई और तमिलनाडु के बीच खेला जा रहा है। रविवार को मैच के दूसरे दिन मुंबई के बैटर अय्यर 8 बॉल पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तमिलनाडु के राइट आर्म मीडियम पेसर संदीप वॉरियर ने बोल्ड किया। मुंबई ने दूसरे दिन का दूसरा सेशन खत्म होने तक आठ विकेट के नुकसान पर 248 रन बना लिए हैं। शार्दूल ठाकुर 78 और तनुष कोटियान 18 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले मुशीर खान ने 55 रन की पारी खेली। तमिलनाडु के लिए अब तक साई किशोर ने छह विकेट लिए। वॉरियर और कुलदीप सेन को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुंबई के खिलाफ तमिलनाडु की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी चुनी।

गांगुली बोले- सिर्फ एक फॉर्मेट खेलना सही नहीं

ईशान किशन से बात करे बोर्ड लीडरशिप, पंत पर फैसला 5 मार्च के बाद

नई दिल्ली।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने युवा क्रिकेटर्स को सभी फॉर्मेट का क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। 51 साल के पूर्व क्रिकेटर ने रेड बॉल क्रिकेट पर जोर देते हुए कहा कि मुझे ऐसा कोई कारण समझ नहीं आता कि आप एक फॉर्मेट में खेलो और दूसरे में नहीं। दूसरी ओर, गांगुली ने ऋषभ पंत के आईपीएल खेलने पर कहा कि 5 मार्च को एनसीए फिटनेस क्लियरेंस के बाद तय होगा कि वे क्या करेंगे और क्या नहीं। हम उनके मामले में जल्दबाजी नहीं करेंगे। गांगुली इस समय दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा हैं।

सरफराज को रिलीज किया, क्योंकि वे टेस्ट के अच्छे खिलाड़ी

मिनी ऑक्शन से पहले सरफराज खान को रिलीज करने के सवाल पर गांगुली कहते हैं कि सरफराज टेस्ट के अच्छे प्लेयर हैं, लेकिन टी-20 अलग तरह का खेल है। बता दें कि ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 20 खिलाड़ी रिलीज किए थे। इनमें सरफराज खान भी शामिल हैं।

गांगुली की 4 मुख्य बातें...?

ईशान किशन के बारे में उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है, जब कोई क्रिकेटर डोमेस्टिक क्रिकेट को इग्नोर कर रहा हो। इससे पहले भारतीय क्रिकेटर जब भी फ्री होते हैं, डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं। मुझे विश्वास है कि बीसीसीआई इस मामले में प्रॉपर एक्शन लेगा। युवा रेड बॉल और वाइट बॉल दोनों क्रिकेट खेल सकते हैं। आईपीएल और फर्स्ट क्लास करियर एक साथ बन सकता है। इनका आपस में टकराव नहीं है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट आईपीएल शुरू होने से एक महीने पहले समाप्त हो जाता है। ऐसे में मुझे कोई दिक्कत समझ नहीं आती है।

कई टॉप क्लास प्लेयर जैसे- कोहली, रोहित, बुमराह, केएल राहुल या ऋषभ पंत ने टेस्ट और वाइट बॉल क्रिकेट खेला है। वर्ल्ड लेवल पर मिचेल मार्श, हैरी ब्रूक और डेविड वॉर्नर ऐसा कर रहे हैं। मेरे टाइम में सचिन, द्रविड़ और मैं खुद दोनों फॉर्मेट खेलता था। मुझे ऐसा कहने का कोई कारण समझ नहीं आता है कि आप एक फॉर्मेट में खेलो और दूसरे में नहीं।

कोई खिलाड़ी किसी एक फॉर्मेट पर फोकस नहीं कर सकता है। आपको हर फॉर्मेट पर ध्यान देना जरूरी है। मैं यह नहीं कर रहा हूं कि केवल रणजी का प्रदर्शन खेलना जरूरी है। आपको वाइट बॉल का प्रदर्शन भी देखना होगा। आप अपना डोमेस्टिक सीजन खत्म करने के बाद रणजी खेल सकते हैं, क्योंकि दोनों के बीच काफी गैप है।

वर्कलोड मैनेजमेंट केवल फास्ट बॉलर्स के लिए है। बल्लेबाजों को वर्कलोड मैनेजमेंट क्यों चाहिए? बुमराह को आराम देना समझ आता है। लेकिन युवाओं वर्कलोड का बहाना नहीं बना सकते हैं।

बोर्ड की लीडरशिप को किशन से बात करनी चाहिए

भारतीय बोर्ड के सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सिलेक्टर्स को इशान किशन से बात करनी चाहिए कि उसने रणजी ट्रॉफी छोड़कर वाइट बॉल को तवज्जो क्यों दी? क्या यह उसका करियर ठीक तरह से बनाएगा? दिल्ली कैपिटल्स के सभी खिलाड़ियों ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया है। खलील अहमद ने लंबे समय तक पूरा सीजन खेला है।

पंत की भूमिका पर फैसला 5 मार्च के बाद करेंगे

विकेटकीपर ऋषभ पंत की भूमिका पर फैसला 5 मार्च को एनसीए के फिटनेस टेस्ट के बाद लिया जाएगा। इस मसले में जल्दबाजी नहीं करेंगे, क्योंकि पंत का करियर बहुत लंबा है। एनसीए से क्लियरेंस मिलने के बाद पंत की भूमिका तय करेंगे कि वे सिर्फ बैटिंग करेंगे या कप्तानी या विकेटकीपिंग करेंगे। जहां तक उनकी विकेटकीपिंग की बात है तो हमारे पास कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, साई होप और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे ऑप्शन हैं।

धर्मशाला पहुंची भारत और इंग्लैंड की टीम

7 मार्च से खेला जाएगा पांचवां टेस्ट; मैच से पहले 3 दिन अभ्यास करेंगे खिलाड़ी

धर्मशाला।

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मैच 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। जिसके लिए भारत और इंग्लैंड की टीमें रविवार सुबह चंडीगढ़ से धर्मशाला पहुंची। कांगड़ा एयरपोर्ट से कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ दोनों टीमें धर्मशाला के साथ लगते कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुईं। दोनों ही टीमें तीन दिन यानी 4 से 6 मार्च तक धर्मशाला स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। गौरतलब है कि 5 मैचों की इस सीरीज में अब तक 4 मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें भारत ने 3 मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली है। अब धर्मशाला में आखिरी मैच जीतकर इस फासले को टीम इंडिया चार-एक करने के मकसद से उतरेगी।

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा दूसरा टेस्ट मैच

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाने वाला यह अब तक का दूसरा टेस्ट मैच होगा। इससे पूर्व धर्मशाला में एकमात्र टेस्ट मैच भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। जो वर्ष 2017 में 25 से 28 मार्च तक खेला गया था। इस मैच में भारत ने 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। इस मैच में ऑलरांउडर रविंद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला था।

जिन्होंने दो पारियों में 4 विकेट लिए और पहली पारी में 63 रनों का अहम योगदान भी दिया था। भारत के बेहतर प्रदर्शन से यह मैच 4 दिनों में ही खत्म हो गया था।

पहले ही सीरीज जीत चुकी भारतीय टीम

पांचवें टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। केएल राहुल पूरी तरह से फिट नहीं हैं। इसी वजह से उन्हें स्क्वाड में शामिल नहीं किया है। वहीं, जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रजत पाटीदार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसी वजह से उन्हें पांचवें टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन से बाहर किया जा सकता है। वहीं, आखिरी टेस्ट मैच को जीतकर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में नंबर-1 के ताज को बरकरार रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीता वेलिंगटन टेस्ट

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड 196 पर ऑलआउट; कैमरन ग्रीन प्लेयर ऑफ द मैच

वेलिंगटन।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 172 रन से हरा दिया। 369 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 196 रन ही बना सका। पहली पारी में 174 रन की नॉटआउट पारी खेलने वाले कैमरन ग्रीन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 383 और न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाए थे। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 164 रन पर सिमटा लेकिन कीवी टीम भी 196 रन ही बना सकी। वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व पार्क स्टेडियम में पहला मुकाबला जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा टेस्ट 8 मार्च से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड की हार के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में भारत टॉप पर पहुंच चुका है। न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर पहुंच गया और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर बरकरार है।

चौथे दिन टिक नहीं सकी होम टीम

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन 111/3 के स्कोर से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाई। टीम से रचिन रवींद्र ने 56 और डेरिल मिचेल ने 12 रन बनाकर अपनी पारी आगे बढ़ाई। रचिन 59 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। उनके बाद तो टीम को 2 लगातार झटके और लग गए। ग्लेन फिलिप्स ने एक रन बनाया और टॉम ब्लंडेल तो खाता भी नहीं खोल सके।

डेरिल मिचेल ने स्कॉट कुगलेइन के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। कुगलेइन 26 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद मैट हेनरी 14 और टिम साउदी 7 ही रन बना सके। आखिर में मिचेल 130 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हुए और टीम 196 रन पर सिमट गई।

लायन को 6 विकेट

वेलिंगटन पिच को समझने में दोनों ही टीमों ने गलती की और एक्स्ट्रा पेसर को मौका दिया। पिच पर दूसरे ही दिन से टर्न देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले नाथन लायन ने दूसरी पारी में 6 विकेट झटक लिए। पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर ट्रैविस हेड को भी एक सफलता मिल गई। एक विकेट कैमरन ग्रीन ने लिया, वहीं 2 सफलताएं जोश हेजलवुड को भी मिलीं।

डब्ल्यूटीसी में टॉप पर पहुंची टीम इंडिया

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ न्यूजीलैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के पॉइंट्स टेबल में भी नुकसान हुआ। टीम के अब तीसरी सीरीज में 60% पॉइंट्स हो गए। जबकि टीम इंडिया के 64.58% पॉइंट्स हैं। भारत को अब 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलना है। इसे जीतकर टीम टॉप पर अपनी पोजिशन मजबूत कर सकती है। दूसरी ओर, डब्ल्यूटीसी की डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम न्यूजीलैंड को हराकर तीसरे स्थान पर पहुंची है। टीम चौथी टेस्ट सीरीज खेल रही है और उनके 59.09% पॉइंट्स हो गए।

सनराइजर्स के बॉलिंग कोच बने जेम्स फ्रैंकलिन

डेल स्टेन की जगह लेंगे; मार्करम की जगह पैट कमिंस बन सकते हैं नए कप्तान

न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के नए कोच होंगे। वह साउथ अफ्रीका के दिग्गज डेल स्टेन की जगह लेंगे। स्टेन ने निजी कारणों के चलते टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सनराइजर्स टीम अपना कप्तान भी बदल सकती है। साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस नए कप्तान बन सकते हैं।

मुंबई इंडियंस से आईपीएल खेल चुके हैं फ्रैंकलिन

जेम्स फ्रैंकलिन ने 2011 और 2012 में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में हिस्सा लिया था। वह आईपीएल में पहली बार कोचिंग करते नजर आएंगे। फ्रैंकलिन अपने ही देश के पूर्व स्पिनर डेनियन विटोरी के साथ काम करेंगे। विटोरी इस सीजन के लिए हैदराबाद के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा की जगह ली। फ्रैंकलिन और विटोरी इससे पहले काउंटी टीम मिडलसेक्स और द हंड्रेड की टीम बर्मिंघम फीनिक्स में भी साथ काम कर चुके हैं। फ्रैंकलिन डरहम के हेड कोच भी रह चुके हैं, वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं।

सनराइजर्स में वर्ल्ड क्लास तेज गेंदबाजों की भरमार

फ्रैंकलिन सनराइजर्स में बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ेंगे। उन पर भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस, मार्को यानसन, उमरान मलिक, थंगारसु नटराजन, फजलहक फारूकी, जयदेव उनादकट और अनकैप्ड आकाश सिंह जैसे बॉलर्स से बेस्ट निकलवाने की जिम्मेदारी रहेगी। इनके अलावा एसआरएच में वनिंदू हसरंगा, वॉशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद जैसे टॉप क्लास स्पिनर्स भी मौजूद हैं।

सनराइजर्स के पिछले 2 सीजन खराब रहे

विटोरी और फ्रैंकलिन पर पहली जिम्मेदारी सनराइजर्स को प्लेऑफ में पहुंचाने की रहेगी। 2 बार की आईपीएल चैंपियन एसआरएच पिछले 2 सीजन से पॉइंट्स टेबल के टॉप-6 में भी नहीं पहुंच पा रही। 2022 में टीम 8वें नंबर पर रही, जबकि 2023 में आखिरी नंबर पर रही। टीम में लगातार लीडरशिप को लेकर भी बदलाव हुए। 2022 में टॉम मूडी कोच थे, 2023 में ब्रायन लारा को कोच बनाया और अब 2024 सीजन के लिए डेनियल विटोरी टीम के साथ जुड़ गए।

कमिंस बन सकते हैं नए कप्तान

कोचिंग स्टाफ के साथ सनराइजर्स अब कप्तान बदलने की प्लानिंग भी कर रहा है। पिछले सीजन टीम को साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम ने लीड किया। उनकी जगह अब ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। जिन्हें टीम ने ऑक्शन में 20.50 करोड़ रुपए की कीमत देकर खरीदा।

23 मार्च को पहला मुकाबला खेलेगी एसआरएच

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में पहला मुकाबला होगा। हैदराबाद टीम अपना पहला मैच 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी। मुकाबला कोलकाता में होगा।